# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- विदेश मंत्री डॉ0 एस जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को नकारा। कहा– दो पक्षीय आधार पर ही होगी कोई बातचीत।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने श्रीनगर पहुंचकर सैनिकों को किया संबोधित। कहा– आतंकवाद के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है ऑपरेशन सिंदूर।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिपरिषद की बैठक। दस प्रस्तावों को मिली मंजूरी, प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना का प्रस्ताव हुआ पारित।
- मुख्यमंत्री ने की पंचायतीराज विभाग की समीक्षा। ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने पर दिया जोर।

**********

विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद पर विश्वसनीय रोक नही लगाता। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इंकार किया है। नई दिल्ली में कल डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत केवल द्विपक्षीय आधार पर ही होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत को सौपे जाने वाले आतंकियों की सूची दे दी गई है। उसे आतंकी ढ़ांचों को भी नष्ट करना होगा।

डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बकाया मुद्दों में केवल उसके अवैध कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर को मुक्त कराना है। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंक के मुद्दे पर होगी।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को खत्म करने के लिए किसी भी हद तक जाने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री ने आतंक के खिलाफ भारत की नीति को नए सिरे से परिभाषित किया है। कल श्रीनगर में सैनिकों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारतीय धरती पर किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को इतिहास में आतंक के विरुद्ध भारत की सबसे बड़ी कार्रवाई बताया।

**ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा चलाई गई अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है। 35–40 वर्षों से भारत सरहद पार से चलाई जा रही आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया को ये साफ कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं।**

रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंक के खिलाफ भारत के अडिग संकल्प का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान के परमाणु ब्लैकमेल से भारत विचलित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में लिया जाना चाहिए।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान के रूप में आकाशवाणी समाचार ने विशेष श्रृंखला शुरू की है। इसी कड़ी में हम परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान किया था। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***हिमाचल प्रदेश के पालमपुर के निवासी कैप्टन विक्रम बत्रा ने भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त किया और उन्हें 13वीं बटालियन जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिली। कारगिल युद्ध के दौरान कैप्टन विक्रम बत्रा की यूनिट को द्रास सबसेक्टर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पर्वत शिखर प्वाइंट चार आठ सात पांच पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। सात जुलाई 1999 की रात को प्रतिकूल मौसम की स्थिति के बावजूद कैप्टन बत्रा प्वाइंट चार आठ सात पांच पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़े। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वे दुश्मन की ओर आगे बढे और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आक्रमण किया। कैप्टन बत्रा की बहादुरी की बदोलत भारत ने पाइंट चार आठ सात पांच पर कब्जा कर लिया लेकिन दुर्भाग्य से वे वीरगति को प्राप्त हो गए। युद्ध के दौरान उनका एक रेडियो संदेश यह दिल मांगे मोर बाद में कारगिल युद्ध का कैच लाइन बन गया। उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इसी क्रम में कल अयोध्या, वाराणसी, मेरठ और आगरा सहित कई जिलों में तिरंगा यात्रा निकाल कर देश की सेना का मनोबल बढ़ाया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में दस प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेनाओं के प्रति धन्यवाद जताते हुए विशेष अभिनंदन प्रस्ताव पास किया गया।

***भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ अधिक रूप को प्रदर्शित किया है। मंत्रिपरिषद भारतीय सेना के अधिक और शौर्य और प्रतिबद्धता को नमन करते हुए उनका ह्रदय से अभिनंदन करती है। मंत्री परिषद के अतिरिक्त जितने हमारे राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और सभी लोगों की मौजूदगी में यह प्रस्ताव सबसे पहले नंबर पर मंत्रिपरिषद में पास किया।***

कैबिनेट बैठक में राज्य को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर प्रस्तावित सीड पार्क को प्रदेश के पांच क्लाइमेटिक जोन में चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि पहले सीड पार्क की स्थापना लखनऊ में होगी।

***बीजों के प्रसंस्करण की वृद्धि किए जाने के लिए और बीज उत्पादन को बढ़ाए जाने की दृष्टि से सीड पार्क स्थापना करने का निर्णय किया है। यह उत्तर प्रदेश का पहला सीड पार्क होगा और ये भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर ये ये सीड पर्क जो है स्थापित किया जाएगा। पाँच क्लाइमेटिक जोन के भीतर पार्क लगाया जाएगा और चरणबद्ध तरीके से ये पार्क बनेगा। पहला पार्क के बारे में निर्णय हुआ है जो लखनऊ के अटारी फार्म के भीतर वो स्थापित किया जाएगा।***

इसके अलावा कैबिनेट ने इकहत्तर ग्रामीण विधानसभाओं में सौ करोड़ रुपये की लागत से पंचायत उत्सव भवन बनाने और नागरिक उड्डयन निदेशालय में संविदा पर कार्यरत तकनीकी व गैर–तकनीकी कार्मिकों के पारिश्रमिक का पुनर्निर्धारण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाये जाने पर जोर दिया है। कल लखनऊ में पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने इसे लेकर किये जा रहे प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय की अवधारणा को नीति आयोग ने एक मॉडल के रूप में विकसित किया है इसलिये प्रदेश के सभी पंचायत भवनों को अब ग्राम सचिवालय के नाम से सम्बोधित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों की आत्मनिर्भरता के लिये ग्राम स्तर पर कार्यरत सभी व्यवस्थाओं को सशक्त, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाये जाना आवश्यक है। सरकार इस दिशा में मिशन मोड में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बैठक में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, ग्राम संस्कृति के संवर्धन और ग्रामीण स्वच्छता को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग के अनुसार गोरखपुर, वाराणसी, गाजीपुर और बलिया के अलावा कुछ पश्चिमी जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। कल प्रयागराज प्रदेश का सर्वाधिक गर्म जिला रहा जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उधर, मौसम विभाग ने दो से तीन दिन प्रदेश के कई जिलों में वर्षा होने और गर्मी से राहत मिलने का पूर्वानुमान जताया है। सहारनपुर और आसपास के क्षेत्रों में कल रात से ही बादल छाये रहने और कुछ स्थानों पर वर्षा होने की खबर है।

**********

खेलो इंडिया यूथ गेम्स का कल पटना में समापन हो गया। इसमें बावन पदक जीतकर उत्तर प्रदेश सातवें स्थान पर रहा।

**********